तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	मदन चौधरी बनाम **लोक सूचना अधिकारी (अति.जिला कलक्टर (ग्रामीण), जोधपुर ग्रामीण)** सू.अ. अपील संख्या 6/2024	

26/03/2024

अपीलार्थी मदन चौधरी निवासी ग्राम चटालिया, पंचायत समिति बावडी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 18..01.2024 को (1) श्री झुझार जी महाराज गौशाला गावं चटालिया ग्राम पंचायत कजनउ कलां पं.स. बावडी के द्वारा भूमि आवंटन की समस्त प्रतिलिपियां हेतु आवेदन व अन्य बिन्दु से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (ग्रामीण), जोधपुर ग्रामीण) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (ग्रामीण), जोधपुर ग्रामीण) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (ग्रामीण), जोधपुर ग्रामीण) से जरिये पत्रांक 190 दिनांक 18.03.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग, कार्यालय हाजा से प्रमाणित सूचना प्राप्त कर प्रार्थी को पत्र कमांक 189 दिनांक 18.03.2024 द्वारा निःशुल्क प्रेषित की।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:18:24 IST
Reason: SelfAttested